Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 13-12-2005

Participants : Singh Shri Lakshman

>

Title : Need to develop Food Processing industry in the country with a view to create employment opportunities.

श्री लक्ष्मण सिंह (राजगढ़) : सभापति महोदय, देश में बेरोजगारी की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है और बहुत ही भयानक स्थिति आज हमारे सामने है। पिछले सर्वेक्षण के अनुसार देश में 13.8 मिलियन बेरोजगारों से बढ़कर लगभग 44 मिलियन बेरोजगार हो चुके हैं। जब सर्वेक्षण कराया जा रहा था तो उसमें से 600 ऐसे बेरोजगार निकले जो तकरीबन ग्रेजुएट्स थे और जो भीख मांगते देखे गये हैं। यह इस देश के लिए बहुत शर्म की बात है।

महोदय, मैं कहना चाहूंगा कि अगर हम अपने देश में बेरोजगारी रोकने के लिए हम कृाि उत्पादों का प्र ासंस्करण करें तो बहुत हद तक हम बेरोजगारी रोक सकते हैं। लेकिन कृाि वस्तुओं का प्रसंस्करण हम केवल दो प्र ातिशत ही कर रहे हैं जबकि अन्य देशों में सौ प्रतिशत या लगभग 70-80 प्रतिशत होता है। अगर हम कृाि प्रसंस्करण उद्योग लगाएं और हम दो प्रतिशत से दस प्रतिशत तक ले जाएं तो हम तीस मिलियन लोगों को रोजगार दे सकते हैं। मैं चाहूंगा कि केन्द्र सरकार ने जो 2015 का विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया है, वह डॉक्यूमेंट अभी तक पड़ा हुआ है, धूल खा रहा है, उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अगर विजन डॉक्यूमेंट को प्राथमिकता देकर क्रियान्वित करते हैं, तो आज बहुत हद तक हम बेरोजगारी को रोक सकते हैं। …(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Please conclude.

SHRI LAKSHMAN SINGH : Sir, I am still going on. I have not completed. If you say, I will sit down. But, I have not completed as yet.

MR. CHAIRMAN: But you cannot make a lengthy speech because time is very limited. It is Special Mentions.

श्री लक्ष्मण सिंह : महोदय, दूध से हम बहुत सारी वस्तुओं का उत्पादन प्रसंस्करण करके बढ़ा सकते हैं लेकिन आज 55-56 वाँ में केवल अमूल्य जैसा संस्थान गुजरात में बना सके हैं और कोई संस्थान भी अगर हम देश में बनाएं तो बहुत हद तक किसानों की मदद कर सकते हैं। कृाि राज्य मंत्री बैठे हैं, मेरे प्रदेश से आते हैं और मैं ऐसे क्षेत्र से आता

हूं जहां मक्के का उत्पादन होता है। एक्सीलरेटेड मैज़ डैवलपमेंट प्रोग्राम जो आपका है, उसमें एएमडीपी पूरी तरह मदद करता है, पूरा पैसा देता है और मक्के से आप गैसोहोल बना सकते हैं, उससे गाड़ी चला सकते हैं, विदेशों में चलायी जा रही cé[R65]। इस प्रोग्राम को आप इन छः जिलों से बढ़ाकर और ज्यादा जिलों में चलाइए, जैसे आज मध्य प्रदेश् और राजस्थान में काफी परती भूमि पड़ी हुई है, अगर वहां मक्के की खेती को प्र ोत्साहित करते हैं और इस प्रोग्राम को बढ़ाते हैं तो हम बहुत हद तक बेरोजगारी को रोक सकते हैं। इसलिए मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करना चाहूंगा कि कृिा प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा दिया जाए और बेरोजगारी को रोका जाए।